भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3118

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना चरण-दो

3118. डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत वित्तीय वर्ष के दौरान देश भर में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक निर्मित और यातायात के लिए खोले गए राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) विशेष रूप से खनिज-समृद्ध पूर्वी क्षेत्रों को पश्चिमी विनिर्माण पत्तनों से जोड़ने वाले समर्पित बहु-लेन आर्थिक गलियारों के विस्तार के संबंध में चरण-दो की परियोजनाओं की स्वीकृतियों की स्थिति क्या है; और

(ग) इसी अवधि के दौरान अवसंरचना निवेश ट्रस्ट और परिसंपत्ति मुद्रीकरण मॉडलों जैसे अभिनव वैकल्पिक वित्तपोषण मार्गों के माध्यम से सफलतापूर्वक जुटाई गई पूंजी की हिस्सेदारी कितनी है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्ष 2017 में देश भर में 34,800 किलोमीटर की लंबाई वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के लिए 5,35,000 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय के साथ भारतमाला परियोजना के चरण-I को मंजूरी दी गई थी। इस कार्यक्रम के तहत कुल 26,425 किलोमीटर लंबाई वाली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाएं आवंटित की गई थी। इनमें से जून 2026 तक, 22755 किलोमीटर का निर्माण कार्य हो चुका है। विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारतमाला परियोजना के तहत लगभग 2212 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया गया है।

(ख) भारतमाला चरण-II नाम की कोई स्वीकृत योजना नहीं है। भारतमाला परियोजना के चरण-I के अंतर्गत परियोजनाओं की नई स्वीकृतियाँ बंद कर दी गई हैं और संपर्कता (कनेक्टिविटी), यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) योजना के अंतर्गत एकल (स्टैंडअलोन) आधार पर नई परियोजनाओं को स्वीकृत किया जाता है।

(ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा विगत 5 वित्तीय वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों के मुद्रीकरण से कुल 1,45,559 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	टीओटी (टोल-संचालन-हस्तांतरण)	प्राइवेट अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट)	पब्लिक अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट)	प्रतिभूतिकरण
2021-22	1,011.00	7,350.40	-	13,901.00
2022-23	10,662.10	2,849.67	-	11,600.00
2023-24	15,968.10	15,699.88	-	9,486.00
2024-25	6,661.00	17,737.94	-	4,325.00
2025-26	12,357.00	6,366.93	9,583.07	-
कुल	46,659.20	50,004.82	9,583.07	39,312.00

*****